पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांक– 26744 दिनांक:– 16/12/2024

प्राचार्य / सचिव
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय
सीकर

विषय: NAAC Accreditation प्रक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन।

सन्दर्भ: विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक 27677 दिनांक 14.11.2024 एवं पत्र क्रमांक 27730 दिनांक 21.11.2024 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त सन्दर्भित विषयान्तर्गत विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त महाविद्यालयों से शीघ्र ही अपने महाविद्यालयों / संस्थाओं का NAAC Accreditation करवाया जाना अपेक्षित है। विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी पत्र क्रमांक 27730 दिनांक 21.11.2024 के माध्यम से NAAC Accreditation प्रक्रिया पर एक दिवसीय कार्य में भाग लेने हेतु इच्छुक महाविद्यालयों से दिनांक 30.11.2024 तक सहमति प्राप्त की गयी थी।

सक्षम स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार NAAC Accreditation प्रक्रिया की पालना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन **24 दिसम्बर, 2024 को होटल पार्क एवेन्यू एण्ड रिसोर्ट, नवलगढ़ रोड़, सीकर** में किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन स्ववित्तपोषी योजना (Cooperative Mode) के अन्तर्गत किया जायेगा।

इसी क्रम में पंजीयन से वंचित महाविद्यालयों द्वारा किये गये निवेदन के आधार पर अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए NAAC Accreditation प्रक्रिया से सम्बन्धित कार्यशाला हेतु पंजीयन कार्य पुनः दिनांक 19 से 21 दिसम्बर, 2024 तक गूगल फॉर्म **https://forms.gle/4SL3eZ4rPMpbtwsw9** पर खोला जा रहा है। अतः पंजीयन से वंचित सभी महाविद्यालय निर्धारित समयावधि में पंजीयन से सम्बन्धित प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यशाला में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

धन्यवाद

उपकुलसचिव
दिनांक 16/12/2024

क्रमांक– 26745 - 746
प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित है:

1. निजी सचिव कुलपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर
2. कुलसचिव, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर
3. रक्षित पत्रावली

उपकुलसचिव